# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
2. ग्रामीण विकास निदेशालय, की ओर से ग्रामीण युवाओं के लिए रोज़गार–उन्मुख कौशल प्रशिक्षण के लिए अभियान शुरू किया गया है।
3. इसरो ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–05 का सफल प्रक्षेपण किया।
4. अंडमान निकोबार प्रशासन ने टुगापुर नं. 7 में स्टील ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

<><><><><><><>

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों और घरों में सजावट की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जन्माष्टमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन और उनकी शिक्षाएं भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को नई दिशा देती हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता की शिक्षाएं कठिन समय में सही निर्णय लेने और नैतिक मूल्यों पर कायम रहने की प्रेरणा देती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी जन्माष्टमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता कर्तव्य, नैतिकता, न्याय, साहस और जीवन में संतुलन का मार्ग दिखाती है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के अवतरण का प्रतीक है, जिनका जीवन और शाश्वत शिक्षाएं मानवता को ज्ञान, नैतिक साहस और निस्वार्थ सेवा को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। श्रीमद्भगवद गीता का कालजयी संदेश–भक्ति के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना, सत्य का पालन करना और हर चुनौती का धैर्य के साथ सामना करना–हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश बना हुआ है।

<><><><><><><>

जन्माष्टमी के अवसर पर दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम की ओर से आज रात ग्यारह बजकर पच्चीस मिनट से मथुरा और द्वारका से जन्माष्टमी उत्सव का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्था और स्थानीय निकाय निदेशालय, की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 के तहत ग्रामीण युवाओं के लिए मुफ़्त, आवासीय और रोज़गार–उन्मुख कौशल प्रशिक्षण के लिए अभियान शुरू किया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सौ प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता प्रदान की जाएगी। ऐश्वर्य विज्ञान एजुकेशनल सोसाइटी, नेल्लोर और ओरियन एजुकेशनल सोसाइटी, कोलकाता के तहत विभिन्न ट्रेडों में आठवीं से बारहवीं पास विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। पुरूष उम्मीदवारों की आयु सीमा अट्ठारह से पैंतीस वर्ष और महिलाओं के लिए अट्ठारह से पैंतालीस वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह के सदस्य, ए ए वाई, बी पी एल, पी एच एच, मनरेगा और PMJAY के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण परिवार पात्र हैं। सभी प्रशिक्षण केंद्र दक्षिण अंडमान, में स्थित होंगे। निदेशालय की टीमें ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर युवाओं को मार्गदर्शन और दस्तावेज प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेंगी। इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी और नामांकन के लिए अपने संबंधित खंड विकास अधिकारी या ग्रामीण विकास निदेशालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने मायाबंदर के टुगापुर नं. 7 में पांच करोड़ इक्यानब्बे लाख रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से एक स्टील ब्रिज के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह पुल ग्रामीणों और स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इस पुल का निर्माण कार्य 12 महीनों की अवधि के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस स्टील ब्रिज के बन जाने से टुगापुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को काफी सुविधा होगी।

<><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के तहत द्वीपसमूह के छात्रों के लिए मुख्यभूमि के संस्थानों में आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी, गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को कहा गया है कि सरेंडर की गई सीटों के लिए परामर्श 11 सितंबर को सुबह 10 बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में रखा गया है। परामर्श में योग्यता सूची में शामिल सभी उम्मीदवारों को अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित रहना होगा। सरेंडर की गई सीटें सबसे पहले उसी श्रेणी से भरी जाएंगी, जहां से वे सरेंडर हुई हैं। यदि संबंधित श्रेणियों में सीटें खाली रहती हैं, तो उन्हें मेरिट के आधार पर श्रेणी–5 से आवंटित किया जाएगा। यदि इसके बाद भी सरेंडर सीटें खाली रह जाती हैं, तो परामर्श में उपस्थित नए पात्र उम्मीदवारों को मेरिट के अनुसार सीटें आवंटित की जाएंगी।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे स्थित गोविंदनगर के जिला परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह ने मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती से मुलाकात कर कैम्पबेल बे की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में एलपीजी की अनुपलब्धता, यात्री जहाज सेवा में कमी, नियमित हेलीकॉप्टर उड़ान, कार्गो जहाज कनेक्टिविटी और ग्रेट निकोबार में प्रस्तावित बड़ी विकास परियोजनाओं के लिए परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने इस संबंध में जल्द से जल्द उचित कदम उठाने तथा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

<><><><><><>

छोलदारी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में कट पॉइंट स्ट्रक्चर, एचटी पोल तथा एचटी एवं एलटी लाइन में मरम्मत कार्य किए जाने के कारण कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। SBFG फीडर से सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक और टाइगर फीडर से सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी। यह सभी कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 200 लीटर अवैध लहन नष्ट किया है। बिल्लिग्राउंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओ पी बदामनाला की टीम ने गोविंदपुर के घने जंगल में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान लोहे के एक ड्रम में करीब 200 लीटर लहन बरामद हुआ जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस ने लोगों से अपराध या किसी भी अवैध गतिविधि की विश्वसनीय जानकारी निकटतम थाने या 100 और 112 नंबर पर देने की अपील की है, और सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

<><><><><><>